दिनांक–22.10.2026 को सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में CGRC/MIS/WQMIS/बिहार विकास मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न है :–

CGRC

- CGRC की रिपोर्ट में शिकायत प्राप्ति, पंजीकरण, निष्पादन तथा लंबित रहने की अवधि का स्पष्ट विवरणी उपलब्ध कराने तथा 7 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों की नियमित समीक्षा करने का निदेश दिया गया।
- भविष्य में सरकारी अवकाश एवं त्योहारों के दौरान भी CGRC का सतत संचालन करते रहने का निदेश दिया गया।
- दिनांक–17.10.2026 से दिनांक–20.10.2026 तक बिना अनुमति 4 दिन कॉल सेंटर बंद रहने के कारण संबंधित एजेंसी को स्पष्टीकरण करने का निदेश दिया गया।
- CGRC पर प्राप्त ई–मेल एवं व्हाट्सऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को भी समेकित शिकायत विवरण में शामिल करने का निदेश दिया गया।
- कॉल सेंटर के प्रत्येक ऑपरेटरों के निर्धारित कार्यावधि में काउंटर की लॉग–इन गतिविधि, कॉल प्राप्ति, कॉल रिसीव करने की संख्या तथा कॉल पर व्यतीत समय की टेबल–वाइज डेटा विवरणी उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः–प्रभारी नियंत्रण कक्ष/CGRC प्रबंधक

- आगामी गुरूवार से पहले BSNL को अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु॰) के स्तर से पत्र देकर कॉल–फॉरवर्डिंग और लैंडलाइन सुविधा/1600 सीरीज की सुविधा एक्टिवेट कराने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु॰)

MIS

- सभी जिलों में लगभग 30,000 मीडिया चेंज के लक्ष्य को MIS पोर्टल पर प्रविष्टि और फोटोग्राफ्स अपलोड कराने का निदेश दिया गया।
- प्रत्येक योजना के लिए संबंधित कार्यपालक अभियंता से समन्वय स्थापित कर House to House connection का डेटा और वार्ड स्तरीय योजनाओं का डेटा अगली समीक्षा बैठक से पहले MIS पोर्टल पर अपलोड कराने का निदेश दिया गया। साथ ही House to House connection की प्रगति देखने हेतु लाइव डैशबोर्ड तैयार किया जाए, जिसमें योजनावार एवं वार्डवार प्रगति प्रदर्शित हो सके।
- House to House connection के नए मॉड्यूल और लॉग–इन प्रक्रिया का प्रशिक्षण संबंधित अभियंताओं और ऑपरेटरों को देने का निदेश दिया गया, ताकि MIS पोर्टल पर प्रविष्टि में विलंब न हो।

अनुपालनः–निशांत/IT Manager

WQMIS

- गुणवत्ता प्रभावित क्षेत्रों में कितने WTP लगाए गए हैं, कितने WTP में मीडिया चेंज कराया गया है। WTP में मीडिया चेंज की अंतिम तिथि क्या है। कितने वार्ड गुणवत्ता प्रभावित है एवं कितने गुणवत्ता प्रभावित वार्डों में जल परीक्षण किए गए हैं। जल परीक्षण के कितने प्रतिवेदनों में मानक से अधिक आर्सेनिक पाया गया गया है, इसके अतिरिक्त, पिछले पाँच वर्षों के परीक्षण परिणाम पहले क्या था और वर्तमान में क्या बदलाव आया। इसका जाँच करने हेतु लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, आरा और सासाराम जाने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः–राज्य परामर्शी (WQM&S)

(बी॰ कार्तिकेय धनजी)
सचिव

ज्ञापांक–176/स्था॰ को॰ /पटना, दिनांक–22-10-26

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु॰/का॰प्र॰)/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण/दक्षिण बिहार)/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता) दक्षिण बिहार/उत्तर बिहार/शोध पदाधिकारी/राज्य परामर्शी (WQM&S)/आई॰टी॰मैनेजर/सभी संबंधित पदाधिकारी/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार, पटना।